प्रकाशनार्थ

01 मार्च, 2023 गोरखपुर।

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का अयोजन जटाशंकर स्थित गुरुद्वारा परिसर में किया गया।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने कहा कि वे सर्वप्रथम गुरुद्वारा कमेटी के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं की रक्तदान के लिए कमेटी प्रत्येक माह की पहली तारीख को गुरूद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर का अयोजन होगा।

उन्होंने कहा की युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां दूर हो रही हैं और वह अब रक्तदान के प्रति जागरूक हो गए हैं, स्वयं भी रक्तदान कर रहे हैं और लोगों को प्रेरित भी करते है। यह मानवता के लिए एक अच्छा संदेश है।

वहीं गुरूद्वारा के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने कहा अब कमेटी ने तय किया है कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को जटाशंकर गुरुद्वारा कमेटी अपने परिसर में रक्तदान शिविर का अयोजन करेगी। यह कार्य होने से एक यूनिट ब्लड से तीन ज़िंदगी बचाई सकती है। उन्होंने शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय समय पर रक्तदान अवश्य ही करते रहना चाहिए। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादेमी के सदस्य जगनयन सिंह जी ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया

आज के रक्तदान शिविर में डॉक्टर सौरभ पाण्डेय, उमेश प्रजापति, विष्णु प्रसाद, समीर कुमार, मिन्नत, सत्य प्रकाश, दिव्या सहित लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया।

आज के रक्तदान शिविर में

ब्लड बैंक की मोबाइल टीम के साथ टेक्निशियन सौरभ सिंह, संदीप यादव, रिंकी जायसवाल आदि उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदान शिविर को संपन्न कराया।